NGT ने झारखंड में थर्मल पावर प्लांट को नोटिस जारी किया

चर्चा में क्यों?

राष्ट्रीय हरित अधिकरण **(National Green Tribunal - NGT)** ने अप्रैल 2024 में एक यूनिट में लगी भीषण आग के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है, जिसमें झारखंड के चतरा ज़िले में **नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NTPC) के उत्तरी करणपुरा सुपर थर्मल पावर प्लांट** के प्रशासनिक प्रमुख भी शामिल हैं।

मुख्य बिंदु:

- NGT ने एक मामले को संबोधित किया जहाँ उसने एक विद्युत संयंत्र की इकाई 3 में एक सामग्री यार्ड में आग लगने के बारे में नोटिस लिया था।
  - यह संयंत्र, देश की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादक कंपनी **NTPC की कोयला आधारित 660X3 मेगावाट इकाई** जाँच के दायरे में थी।
  - NGT ने इस मामले को **पर्यावरण विनियमन अनुपालन** से संबंधित एक महत्त्वपूर्ण मामला माना।
- अधिकरण या ट्रिब्यूनल ने इस मुद्दे के लिये संयंत्र के प्रशासनिक प्रमुख, **केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)** और **झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (JSPCB)** के सदस्य सचिवों के साथ-साथ चतरा के उपायुक्त जैसे विभिन्न अधिकारियों को शामिल किया।
- **अधिकरण या ट्रिब्यूनल** ने संयंत्र के प्रशासनिक प्रमुख और डिप्टी कमिश्नर जैसे विशिष्ट पक्षों को मामले पर जवाब देने के लिये नोटिस देने का निर्देश दिया।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT)

- यह पर्यावरण संरक्षण और वनों तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित मामलों के प्रभावी एवं शीघ्र निपटान के लिये **राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम (2010)** के तहत स्थापित एक विशेष निकाय है।
- NGT की स्थापना के साथ भारत एक **विशेष पर्यावरण न्यायाधिकरण (Specialised Environmental Tribunal)** स्थापित करने वाला दुनिया का तीसरा (और पहला विकासशील) देश बन गया। इससे पहले केवल **ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड** में ही ऐसे किसी निकाय की स्थापना की गई थी।
- NGT को आवेदन या अपील दायर करने के 6 महीने के भीतर अंतिम रूप से निपटान करने का आदेश दिया गया है।
- NGT का मुख्यालय **नई दिल्ली** में है, जबकि अन्य चार क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल, पुणे, कोलकाता एवं चेन्नई में स्थित हैं।

नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NTPC)

- NTPC 68,961.68 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ **भारत की सबसे बड़ी विद्युत कंपनी** है और वर्ष 2032 तक 130 गीगावाट की क्षमता प्राप्त करने की योजना है।
- वर्ष 1975 में स्थापित NTPC का लक्ष्य **विश्व की सबसे बड़ी और सबसे अच्छी विद्युत कंपनी** बनना है।
- NTPC के पास व्यापक पुनर्वास और पुनर्स्थापन व **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR)** नीतियाँ हैं जो विद्युत परियोजनाओं की स्थापना तथा विद्युत उत्पादन के अपने मुख्य व्यवसाय के साथ अच्छी तरह से एकीकृत हैं।
- कंपनी नवोन्मेषी पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के साथ कई ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को अनुकूलित करके एक सतत् तरीके से प्रतिस्पर्द्धी कीमतों पर विश्वसनीय विद्युत का उत्पादन करने के लिये प्रतिबद्ध है, इस प्रकार NTPC राष्ट्र के आर्थिक विकास और समाज के उत्थान में योगदान दे रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ngt-issues-notice-to-thermal-power-plant-in-jharkhand